# 13738 - रमज़ान के अंतिम दस दिनों में मासिक धर्म रोकने की गोलियाँ लेना

**प्रश्न**

यदि औरत का मासिक धर्म रमज़ान के अंतिम दस दिनों में आता है, तो क्या उसके लिए गर्भ निरोधक गोलियाँ सेवन करना जाइज़ है ताकि वह इन प्रतिष्ठित दिनों में इबादत करने में सक्षम हो सके ?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

इस प्रश्न को शैख मुहम्मद बिन उसैमीन रहिमहुल्लाह के सम्मुख प्रस्तुत किया गया तो उन्हों ने फरमाया :

हम उसके लिए अल्लाह की आज्ञाकारिता पर मदद लेने के लिए इन गोलियों का सेवन करना उचित नहीं समझते हैं ; क्योंकि मासिक धर्म का आना एक ऐसी चीज़ है जिसे अल्लाह तआला ने आदम की बेटियों पर लिख दिया है। नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम आईशा रज़ियल्लाहु अन्हा के पास आए जबकि वह आप के साथ हज्जतुल वदाअ् में थीं और उन्हों ने उम्रा का एहराम बांधा था तो मक्का पहुँचने से पहले ही उन्हें मासिक धर्म आ गया। नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम उनके पास आए इस हाल में कि वह रो रही थीं, तो आप ने पूछा तुम क्यों रो रही हो ? तो उन्हों ने आप को बताया कि उन्हें मासिक धर्म आ गया है। तो आप ने उनसे कहा : "यह एक ऐसी चीज़ है जिसे अल्लाह तआला ने आदम की बेटियों पर लिख दिया है।" अतः मासिक धर्म उसकी तरफ से नहीं है, यदि वह उसे रमज़ान की अंतिम दहाई में आता है तो उसे उस चीज़ पर संतुष्ट होना चाहिए जो अल्लाह ने उसके लिए मुक़द्दर कर दिया है, और वह इन गोलियों का सेवन न करे। मुझे विश्वस्त और भरोसेमंद डॉक्टरों से इस बात का पता चला है कि ये गोलियाँ गर्भाशय के लिए तथा रक्त के लिए हानिकारक हैं, और भ्रूण के विरूपण का कारण बनती हैं यदि उसमें भ्रूण होता है। इसलिए हम इन गोलियों से दूर रहना उचित समझते हैं। और जब उसे मासिक धर्म आता है और वह नमाज़ और रोज़ा छोड़ देती है तो यह उसके हाथ में नहीं है बल्कि अल्लाह की तक़दीर से होता है।